संख्या-17/2022/I/182488/2022/005-46-1002-003-5-2022

प्रेषक,

डॉ. रुपेश कुमार,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आयुक्त,
गन्ना एवं चीनी,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

चीनी उद्योग अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक 24 जून, 2022

विषय:- चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में अनुदान संख्या-23 (गन्ना) के अन्तर्गत क्षेत्रीय कार्यालय के वेतन एवं अन्य वचनबद्ध व्ययों हेतु प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष 08 माहों (अगस्त, 2022 से मार्च, 2023 तक) के लिए वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया आपके पत्रांक-469/लेखा-बजट/101/2022-23, दिनांक 20 जून, 2022 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में अनुदान संख्या-23 (गन्ना) के अन्तर्गत **'क्षेत्रीय कार्यालय'** के वेतन एवं अन्य वचनबद्ध व्ययों हेतु प्राविधानित धनराशि **रू.984.23 लाख** के सापेक्ष, शासनादेश संख्या**-12/2022/I/157472/2022/002-46-1002-003-5-2022, दिनांक 20.04.2022** द्वारा लेखानुदान के सापेक्ष प्रथम 04 माहों (अप्रैल से जुलाई, 2022 तक) के लिए निर्गत धनराशि रू.312.88 लाख को घटाते/समायोजित करते हुए **अवशेष 08 माहों (अगस्त, 2022 से मार्च, 2023 तक)** के लिए धनराशि **रू.671.35 लाख (रूपये छः करोड़ इकहत्तर लाख पैतीस हजार मात्र)** का निम्न विवरण के अनुसार आहरित करने एवं आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

(धनराशि लाख रुपये में)

क्रमांक	**2401-फसल कृषि कर्म** **001-निदेशन तथा प्रशासन** **04-क्षेत्रीय कार्यालय**	वित्तीय वर्ष 2022-23 का आय-व्ययक अनुमान	वित्तीय वर्ष 2022-23 के प्रथम चार माहों (अप्रैल से जुलाई, 2022 तक) के लिए स्वीकृत धनराशि	वित्तीय वर्ष 2022-23 के अवशेष आठ माहों (अगस्त, 2022 से मार्च, 2023 तक) के लिए स्वीकृत धनराशि
1	**2**	3	4	5
1	01-वेतन	620.00	206.67	413.33
2	03-महँगाई भत्ता	250.00	76.47	173.53
3	04-यात्रा व्यय	4.50	1.50	3.00
4	05-स्थानान्तरण यात्रा व्यय	2.00	0.67	1.33
5	06-अन्य भत्ते	1.00	0.33	0.67
6	07-मानदेय	0.20	0.07	0.13
7	08-कार्यालय व्यय	2.50	0.66	1.84
8	09-विद्युत व्यय	10.00	3.17	6.83
9	10-जलकर/जल प्रभार	0.20	0.07	0.13
10	11-लेखन सामग्री और फार्मो की छपाई	2.75	0.92	1.83
11	12-कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	3.50	1.17	2.33
12	13-टेलीफोन पर व्यय	1.25	0.42	0.83
13	15-गाड़ियों का अनुरक्षण और पेट्रोल आदि की खरीद	7.50	0.83	6.67
14	16-व्यावसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिए भुगतान	1.00	0.33	0.67
15	17-किराया, उपशुल्क और कर-स्वामित्व	14.50	3.33	11.17
16	42- अन्य व्यय	5.00	0.00	5.00
17	44-प्रशिक्षण हेतु यात्रा एवं अन्य प्रासंगिक व्यय	0.60	0.20	0.40
18	45-अवकाश यात्रा व्यय	0.60	0.20	0.40
19	46-कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय	3.50	1.17	2.33

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

20	47-कम्प्यूटर अनुरक्षण/तत्सम्बन्धी स्टेशनरी का क्रय	1.50	0.33	1.17
21	49-चिकित्सा व्यय	5.00	1.00	4.00
22	51-वर्दी व्यय	0.13	0.04	0.09
23	55-मकान किराया भत्ता	47.00	13.33	33.67
	योग:-001/04	**984.23**	**312.88**	**671.35**

(रूपये छः करोड़ इकहत्तर लाख पैंतीस हजार मात्र)

2. उक्त स्वीकृत धनराशि को व्यय करने के संबंध में वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनांक 07 जून, 2022 में दिये गये दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

3. आवंटित/वितरित धनराशि के समक्ष किये गये व्यय पर नियंत्रण के संबंध में शासनादेश संख्या-बी-1-1195/दस-16/94 दिनांक 06 जून, 1994 द्वारा निर्गत निर्देशों का कडाई के साथ अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

4. स्वीकृति धनराशि प्रत्येक दशा में उसी कार्य/मद में व्यय की जायेगी जिस कार्य/मद हेतु स्वीकृत की गयी है। यथा समय उपयोगगिता प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराया जायेगा।

5. धनराशि का आहरण केवल तात्कालिक आवश्यकता होने पर ही राजकोष से किया जायेगा। स्वीकृत की जा रही उपर्युक्त धनराशि का कोषागार से आहरण आवश्यकतानुसार किया जायेगा एकमुश्त धनराशि का आहरण नहीं किया जायेगा तथा आहरण की गयी धनराशि पी.एल.ए./बैक खाते में नहीं रखा जायेगा।

6. व्यय प्रबन्धन एवं शासकीय व्यय में मितव्ययिता के संबंध में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों का विशेष रूप से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

7. स्वीकृत की जा रही उपर्युक्त धनराशि का कोषागार से आहरण आवश्यकतानुसार किया जाये।

8. उपर्युक्त स्वीकृत धनराशि को चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक की अनुदान संख्या-23 (राजस्व मद) के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-"2401-फसल कृषि कर्म" के अन्तर्गत उपरोक्त प्रस्तर-1 में उल्लिखित संगत मानक मदों के नामें डाला जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

9. उक्त वित्तीय स्वीकृति, वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनांक 07 जून, 2022 में प्रतिनिधानित अधिकारों के अधीन निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

डॉ.रुपेश कुमार

विशेष सचिव।

संख्या:**17/2022/I/182488/2022** एवं तद्-दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय उ.प्र. प्रयागराज।
2. प्रधान महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय उ.प्र. लखनऊ ।
3. मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4. निदेशक, वित्तीय सांख्यिकी निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
5. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-6
6. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 (दो प्रतियों में)
7. वित्त नियंत्रक, कार्यालय गन्ना एवं चीनी आयुक्त, उ.प्र.।
8. चीनी उद्योग अनुभाग-2/3
9. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

डॉ.रुपेश कुमार

विशेष सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in